# झरना तो सुंदर पर खतरनाक मिनी पचमढ़ी

## विदिशा के पास मिनी पचमढ़ी झरना बना सैलानियों का केंद्र, सुरक्षा इंतजाम नदारद

नवभारत न्यूज

**विदिशा 7 जुलाई, हलाली डैम के पास स्थित छोटा पचमढ़ी के झरने एक बार फिर सैलानियों से गुलजार हो गई. विदिशा से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित यह प्राकृतिक जलप्रपात मानसून के मौसम में आकर्षण का केंद्र बन जाता है. हर साल बड़ी संख्या में लोग यहां मौज-मस्ती और स्नान के लिए पहुंचते हैं. हालांकि, इस खूबसूरत झरने की एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि यहां हर वर्ष दुर्घटनाएं होती हैं. फिसलन भरी चट्टानें, गहराई का अंदाज़ा न होना और पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम न होना कई लोगों की जान ले चुका है.**



इसके बावजूद, न तो यहां प्रशासन की ओर से कोई स्थायी निगरानी की जाती है और न ही चेतावनी बोर्ड या जीवन रक्षक उपकरण लगाए गए हैं. स्थानीय लोगों और पर्यटकों का कहना है कि प्रशासन को यहां पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए, जिससे भविष्य में हादसों को रोका जा सके. झरना जितना सुंदर है, उतना ही खतरनाक भी.जल भराव के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा लेकिन लोगों के घरों अंदर तक पानी नहीं पहुंच पाया. अगर बारिश आधा से 1 घंटे और तेज गति से हो सकती थी स्थिति खराब हो सकती थी क्योंकि मूसलाधार बारिश होने के कारण पानी की निकासी पर्याप्त मात्रा में नहीं हो पाती है.

नालियां और नालों पर अतिक्रमण होने के कारण पानी की निकासी धीरे-धीरे हो पाती है. यही कारण है कि जल भराव की स्थिति बनती है. नगर पालिका को मुहिम चलाकर शासकीय नालों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाना चाहिए जिससे कि बारिश का पानी नाले के द्वारा शहर से बाहर निकल सके और लोगों को राहत मिल सके.

### मूसलाधार बारिश से भरा कई क्षेत्रों में पानी

रविवार रात 11 बजे से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते रात में नगर के कई क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति निर्मित हुई. जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. इस दौरान निचले क्षेत्रों में जल भराव की समस्या के कारण सड़कों पर दो से तीन फीट पानी भर गया. वहीं सोमवार को भी दिनभर रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहा. मौसम विभाग द्वारा विदिशा जिले में भारी बारिश की चेतावनी का अलर्ट जारी किया गया था जिसके चलते इसका असर भी देखने को मिला. रात में अचानक एकदम मूसलाधार बारिश होने के कारण कई क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई. इस दौरान वैशाली नगर और रीठा फाटक, कागदीपुरा, डंडापुरा सहित कई क्षेत्रों में जल भराव के कारण सड़कों पर दो से तीन फीट पानी भर गया था. जिस कारण से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा लोगों का कहना था कि पानी की निकासी न होने के कारण बार-बार शहर में जल भराव की समस्या निर्मित हो रही है.

### फफूंदनाशक दवा बेचने पर दुकान सील

**आष्टा.** नगर के कन्नोद रोड़ स्थित कीटनाशक दवा विक्रेता मेसर्स अंबिका पाटीदार ट्रेडर्स को अमानक फफूंदनाशक दवा बेचने पर सील कर दिया गया है. गौरतलब है कि विकासखंड के लगभग 115 से 120 किसानों ने सोयाबीन बीज के उपचार के लिए फफूंदनाशक दवा मेसर्स अंबिका पाटीदार ट्रेडर्स से खरीदी थी. इस दवा के उपयोग के बाद फसल में अंकुरण आया लेकिन पौधों में वृद्धि नहीं हो रही. किसानों ने ज्ञापन दिया है कि क्षेत्र की लगभग 1500 एकड़ की सोयाबीन फसल नष्ट हो गई है. शिकायत की जांच के लिए कृषि विभाग ने सहायक संचालक के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी. जांच में टीम द्वारा शिकायत सही पाई गई. शिकायत सही पाए जाने पर दवा विक्रेता की दुकान मेसर्स अम्बिका पाटीदार ट्रेडर्स को सील कर दिया गया है. इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा संबंधित विक्रेता और निर्माता कंपनी को निर्देश दिए गए हैं कि जिन किसानों का नुकसान हुआ है उन किसानों से समन्वय स्थापित कर समस्या का निराकरण करें और 03 दिनों में विभाग को अवगत कराएं.

# नदी में गिरा ट्रक, एनएच पर ट्रक में आग

## मालथौन में अण्डेला नदी में राहर दाल से भरा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त

नवभारत न्यूज

**बांदरी (सागर) 7 जुलाई. इन दिनों लगातार हो रही बारिश से मेंहर की धसान-कढ़ान नदी के अलावा बांदरी, मालथौन क्षेत्र के सभी नदी-नाले उफान पर हैं. रविवार की रात को बीना से दिल्ली दाल भरकर जा रहा एक ट्रक स्टेट हाइवे के मालथौन - बीना रोड पर अंडेला नदी के पुल से अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरा.**



इस हादसे में ट्रक में भरी दाल की बोरियां नदी में बिखर गईं. गनीमत रही कि चालक की किसी तरह जान बच ली गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार रविवार की रात लगभग दस बजे बीना से दिल्ली राहर दाल भरकर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर अंडेला नदी के पुल से नीचे गिर गया.

हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा तत्काल डॉयल 100 को पुलिस को सूचना दी. सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची. थाना प्रभारी अशोक यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर देखा कि चालक ट्रक के अंदर बुरी तरह से फंसा है. ड्राइवर को निकालने के लिए टोल प्लाजा मालथौन से हाइड्रा वाहन की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद चालक को निकाला गया. घायल अवस्था में चालक को एम्बुलेंस से सीएससी भेजा गया.

### बरकोटी सड़क पर पीबीसी पाइप से भरा था ट्रक

**गौरझामर.** राष्ट्रीय राजमार्ग-44 सड़क पर बरकोटी की घाटी चढ़ते समय एक प्लास्टिक पाइपों से भरा ट्रक अचानक आग की चपेट में आ गया और देखते ही देखते आग ने पूरे ट्रक को अपने आगोश में ले लिया. गनीमत रही कि चालक ने किसी तरह कूंदकर अपनी जान बचा ली. मिली जानकारी के अनुसार ट्रक घाटी पर चढ़ते समय अचानक डीजल पाइप फटने से आग लग गई थी जिसके कारण वह तेजी से फैल गई. जब तक आग बुझाने के प्रयास किये गये तब तक ट्रक जलकर राख हो गया था. इस बीच फायर ब्रिगेड द्वारा मौके पर आकर आग पर काबू पाया.पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है.

# हॉकी संघ के भ्रष्टाचार की जांच कराई जाएगी

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 07 जुलाई 2025**

मप्र जबलपुर से हॉकी नर्मदापुरम का कोई संबंध नहीं सिर्फ भ्रम फैलाया जा रहा है. इस संबंध में नये संगठन के पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर के साथ भ्रष्टाचार की जांच कराई जाएगी.उक्त बात विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा है कि हॉकी मध्यप्रदेश जबलपुर से हॉकी नर्मदापुरम का कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि संगठन के पूर्व सचिव कन्हैया गुरयानी को जबलपुर फेडरेशन ने हटा दिया है, नये कोच दीपसिंह ठाकुर खेल विभाग की ओर से नियुक्त किये गये हैं। विधायक ने कहा कि फीडर सेंटर में अब तक क्या हुआ, सरकार की



ओर से मिलने वाली राशि कहां जाती थी, इसकी भी जांच करायी जाएगी। विधायक डॉ. शर्मा ने एक चर्चा के दौरान कहा कि जो भ्रम पैदा किया जा रहा है, उस मिथक को तोडना जरूरी था। उन्होंने कहा कि यह उनका छटवा कार्यकाल है और 22 वर्ष से प्रदेश में भाजपा सरकार है, कभी हमने कोई ऐसा दखल नहीं दिया। लेकिन, अब खेल के मैदान में राजनीति लायी जाने लगी, भ्रष्टाचार और पक्षपात की दुर्गंध फैलने लगी तो हमने हस्तक्षेप किया, अब सारी जांच करायी जाएंगी। विधायक ने कहा कि हॉकी नर्मदापुरम अवैध संघ है, इसका हॉकी मध्यप्रदेश से कोई संबंध नहीं है, कोई भ्रम न पालें। आज हॉकी नर्मदापुरम के अध्यक्ष राजेन्द्र तोमर ने सोशल मीडिया पर हॉकी मप्र से संबद्धता का जो दावा किया है, वह झूठा है। उन्होंने बताया कि वसीम खान नामक खिलाड़ी ने उनके पास शिकायत की थी कि कम उम्र के बच्चों के आधार कार्ड बनाये और बड़े बच्चों को खिलाया गया है, इसकी जांच भी चल रही है।

### उपभोक्ताओं की सुविधा दृष्टि से उपयोगी हैं स्मार्ट मीटर

**राजगढ़ 07 जुलाई, का.** बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा की दृष्टि से मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं. कंपनी ने बताया कि घरेलू स्मार्ट मीटर के अनेक फायदे हैं. यह घरेलू स्मार्ट मीटर ऊर्जा की खपत को ट्रैक करने और ऊर्जा की बचत करने में मदद करता है. उपभोक्ता अपने एप के जरिए मोबाइल पर रियल-टाइम डेटा देखकर ऊर्जा की खपत को नियंत्रित कर सकते हैं. स्मार्ट मीटर बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिल में कोई गलती नहीं होती.

# सागर आईजी ने घटना स्थल का लिया जायजा

## विजयपुर गांव में नरबलि से जुड़ा मामला, चार टीमें करेंगी मामले की छानबीन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। विजयपुर नरबलि से जुड़े मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए सागर संभाग की आईजी श्रीमती हिमांगी खन्ना टीकमगढ़ से सीधे चंदेरा थाना के ग्राम विजयपुर घटना स्थल पर पहुंची जहां उन्होंने कई लोगों से पूंछतांछ कर मौके का मुआयना कर मामले को लेकर एसपी से विस्तृत जानकारी ली।**



आईजी हिमांनी खन्ना के साथ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई भी मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि मामले में एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के नेतृत्व में चार विशेष पुलिस टीमों का गठन कर तत्काल प्रभाव से अनुसंधान प्रारंभ करने के निर्देश दिए। थाना चंदेरा अंतर्गत ग्राम विजयपुर स्थित गोंड बाबा के स्थान पर एक युवक की हत्या की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। मृतक की पहचान अखिलेश कुशवाहा निवासी ग्राम सतगुआ के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम एवं थाना प्रभारी चंदेरा उप निरीक्षक रश्मि जैन घटनास्थल पर पहुंचे तथा पूरे घटनाक्रम से पुलिस अधीक्षक मंडलोई को अवगत कराया।

### मदिरा अवैध विक्रय के 6 प्रकरण दर्ज

**हरदा.** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में आबकारी विभाग के दल ने गत दिवस मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने जिले के हंडिया क्षेत्र के ग्राम बैड़ी, रेलवा, दोंगली घाट, पचौला, उडांल, नयापुरा व साल्याखेड़ी में दबिश दी। दबिश के दौरान 34 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब तथा 680 किलो महुआ लाहन जप्त कर कुल 6 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 74800 रुपये है।

## एक नजर में



### थाना परिसर में एसपी ने रोपे पौधे

**बाड़ी.** बाड़ी थाना परिसर को हरा-भरा रखने के लिए पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडे सहित अन्य पुलिस अधिकारियों और स्टॉफ ने पौधारोपण किया. उन्होंने पौधारोपण कर लोगों को संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं. नर्मदा किनारे पौधे लगाने से बारिश के समय बाढ़ से मिट्टी का कटाव नहीं होता. वहीं यह वृक्ष छाया के साथ हमें फ़ल भी देते हैं. इस मौके पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडे, एसडीओपी अदिति बी सक्सेना, थाना प्रभारी राजेश तिवारी सहित थाना स्टाफ ने पौधे लगाए.



### चिकित्सक व सीए हुए सम्मानित

**सागर.** रोटरी क्लब सागर सेंट्रल द्वारारोटेरियन डाक्टर्स एवं रोटेरियन चार्टेड अकाउंटेंट्स का सम्मान किया गया. रो. संजय अग्रवाल ने रोटरी के मूल मंत्र फौर वे टेस्ट का वाचन किया. इस अवसर पर मंडल 3040 के असिस्टेंट गवर्नर रो.प्रिंस जैन का भी सम्मान किया गया. अध्यक्षता रो अभिनय जैन ने किया.वरिष्ठ सदस्य सुभाष कंडया एवं वरिष्ठ सदस्य जयवंत ठाकुर ने भी विचार व्यक्त किए. आभार सचिव अर्पित वर्मा ने माना. इस दौरान डा. आजाद का भी योगदान रहा. संचालन दीप्ति चंदेरिया ने किया.

### एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ

**बैतूल।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेरा युवा भारत बैतूल के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ सोमवार को कार्यालय कलेक्टर सभागार से किया गया। इस अभियान का शुभारंभ कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं आमजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी श्रीमती सुषमा गवली, लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक सी. आर. जंघेला, तथा धनंजय सिंह ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने अभियान की सराहना करते हुए पौधरोपण की महत्ता पर प्रकाश डाला। अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत पौधे रोपने की जानकारी प्रदान की गई तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

### जीपीएफ निराकरण हेतु जागरुकता शिविर 11 तक

**राजगढ़.** महालेखाकार द्वितिय द्वारा भोपाल में सामान्य भविष्य निधि के गुमशुदा कटौत्रों से संबंधित समस्याओं के निराकरण और कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भोपाल के तीन प्रमुख कोषालयों- जिला कोषालय, विंध्याचल कोषालय एवं वल्लभ भवन कोषालय में 11 जुलाई तक विशेष शिविर (कैंप) आयोजित किया जा रहा है. यह शिविर विंध्याचल भवन तृतीय तल यूनएडीपी हॉल में निर्धारित किया गया है.

### चाकू से हमला करने वाले को 5 साल की सजा

**विदिशा.** चाकू से हमला करने वाले आरोपी को सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन द्वारा 5 वर्ष की सजा सुनाई है 10 मार्च 25 को दोपहर 2 बजे फरियादी हरनाथ कुशवाहा अपने पुत्र राहुल के साथ बस स्टैंड विदिशा पर लगे ठेला से तरबूज खरीदने पर से ठेला आरोपी अंशु अहिरवार से विवाद हो गया और अंशु अहिरवार ने जान से मारने की नियत से हरनाथ कुशवाहा को चाकू मार दिया. जिससे वह घायल होकर गिर गया. हरनाथ कुशवाहा को उसका पुत्र राहुल कुशवाहा मेडिकल कॉलेज इलाज हेतु ले गया.

# तकनीकी प्रशिक्षण लेने किसानों का दल रवाना




नवभारत न्यूज

**सीहोर. कलेक्टर बालागुरू के ने उद्यानिकी तकनीकी के प्रशिक्षण के लिए 30 किसानों के भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.**

यह सभी कृषि राजस्थान के अलग-अलग स्थानों का भ्रमण करेंगे और उद्यानिकी तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे. इन सभी किसानों को कोटा के झालरपाटन स्थित उद्यानिकी महाविद्यालय, कोटा स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सिट्रस, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल बूंदी, अजमेर स्थित राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान और अजमेर स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर अमरुद में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा. राजहंस नर्सरी देवड़ाबाज एवं गुलाब उत्पादक कृषकों के प्रक्षेत्र का भ्रमण भी कराया जाएगा. इस दौरान सभी किसान फल, सब्जी, मसाला एवं पुष्प की खेती से स बधित नवीन तकनीक सीखेंगे और यह समझेंगे कि उद्यानिकी की नवीन तकनीकों को अपनाकर किस प्रकार आय में वृद्धि की जा सकती है.



# 10 हजार गौवंश रखने तलाशी जा रही जमीन

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 07 जुलाई, का. जिले में हजारों की संख्या में बेसहारा गौवंश हाईवे, चौराहों, सड़को पर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है. बारिश में दिक्कत और बढ़ गई है. बेसहारा गौवंश को सुरक्षित, उचित स्थान पर रखा जा सके इस हेतु शासन द्वारा जिले में दस हजार गौवंश की क्षमता वाली स्वावलंबी गौशाला के निर्माण हेतु जगह तलाशी जा रही है. ब्यावरा विकासखण्ड में जमीन के लिए सर्वे किया जा रहा है.**

जानकारी के अनुसार शासन द्वारा स्वावलंबी गौशाला का निर्माण जिले में करने हेतु ब्यावरा विकासखण्ड में जगह की तलाश की जा रही है. ग्राम अरनिया, तालौड़ी में जगह देखी गई किंतु गौशाला के मान से जगह पर्याप्त मात्रा में नहीं होना पाया गया.

150 हैक्टेयर में बनेगी गौशाला- जानकारी के अनुसार स्वावलंबी गौशाला का निर्माण करीब 150 हैक्टेयर क्षेत्र में किया जाएगा. ब्यावरा विकासखण्ड के ग्राम अरनिया एवं तालौड़ी में गौशाला के लिए जगह देखी गई किंतु वह पर्याप्त मात्रा में न होकर 36 हैक्टेयर ही है.

### संस्था, एजेंसी करेगी निर्माण

पशु चिकित्सा विभाग के अनुसार स्वावलंबी गौशाला निर्माण के लिए मापदण्डानुसार शासन द्वारा शासकीय जगह उपलब्ध कराई जाएगी. तत्पश्चात शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों को पूरा करने वाली संस्था, एजेंसी, कंपनी या एनजीओ को टीनशेड आदि की मदद से गौशाला का निर्माण करते हुए अन्य व्यवस्थाएं जुटाना होगी.

# उपलब्धि : चिचोलीढाना की शालू सुजाने बनीं सीए

**भैंसदेही (बैतूल)। ग्राम चिचोलीढाना निवासी किसान पिता बबलू सुजाने एवं माता कमलाबाई सुजाने की सुपुत्री कु शालू सुजाने ने जुलाई 2025 में सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर बड़ी सफलता प्राप्त की है।**



इससे सुजाने परिवार के साथ अपने गांव तथा जिले का नाम रोशन किया है। कुमारी शालू सुजाने ने कक्षा 12वीं की परीक्षा शा ऊ मा वि भैसदही से उत्तीर्ण की एवं बी कॉम भोपाल से उत्तीर्ण कर अपनी लगन एवं कड़ी मेहनत से सीए की कोचिंग इंदौर से कर यह बड़ी सफलता प्राप्त की है। शालू के बड़े पिताजी सुरेश सुजाने, चाचा मिथलेश सुजाने, कैलाश सुजाने तथा भाई अमित सुजाने ने कु शालू की सफलता पर उनके स्वागत एवं सम्मान में भैंसदेही के प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर बेटी को गाजे बाजे तथा रोड शो के आयोजन के साथ अपने ग्रह ग्राम चिचोलीढाना तक ससम्मान लाया गया। जिला किराड़ समाज संगठन बैतूल के पदाधिकारी कमल पटेल धाकड़ पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री कृष्णा सुजाने, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र मोहने सहित संगठन के कई सदस्यों ने कार्यक्रम में पहुंचकर बेटी को बधाई एवं शुभकामना देते हुए स्वागत पुष्पहार से किया।



### धमेंद्र ने किया 55वां रक्तदान

**अशोकनगर।** सुखमनी ब्लड हेल्प ग्रुप द्वारा हर जरूरतमंद मरीजों को रक्त मुहैया कराया जाता है, इसी कड़ी में सोमवार को जिलाअस्पताल में भर्ती मरीज के लिए रक्त की आवश्यकता हुई तो सुखमनी ब्लड हेल्प ग्रुप के सदस्य धमेंद्र रघुवंशी खैजरा ने पहुंचकर जरूरतमंद मरीज के लिए रक्तदान किया। यह श्री रघुवंशी का 55 वा रक्तदान था, इससे पहले 54 वार रक्तदान कर चुके हैं.

**अनदेखी** | राष्ट्रीय राजमार्ग जयपुर-जबलपुर किनारे अवैध उत्खनन से बन गए गड्ढे

# गिट्टी क्रेशरों की आड़ में छलनी कर रहे जमीन

किशोर वर्मा, नवभारत

**रायसेन, 07 जुलाई. जिले से गुजरे नेशनल हाइवे जयपुर जबलपुर किनारे गौहरगंज तहसील के गिट्टी क्रेशरों के पास बस्ती और शासकीय स्कूल बिनेका तिराहे के पास हाइवे किनारे एक बड़े क्षेत्र में खाई बन गई हैं, जिनमें से कई की गहराई 25 से 30 फ़ीट फीट से भी ज्यादा है. बारिश के दौरान इनमें जलभराव हो जाता है, जिससे बारिश के मौसम में हरदम हादसे की भी आशंका बनी रहती है.**



**यहां नियम कायदों को ताक पर रखकर चल रहे क्रेशर-** जिले की तहसील गौहरगंज के बिनेका, डामडोंगरी, ओबेदुल्लागंज सेंचुरी एरिया, बम्होरी, पांजरा बिनेका जंगल क्षेत्रों आदि में धड़ल्ले से क्रेशरें संचालित है. इतना ही नहीं बिनेका चौराहे से सौन्थर सोसाइटी मार्ग के बाजू में गिट्टी क्रेशरें ऐसी जगह संचालित है, जहां पर कुछ ही मीटर की दूरी पर शासकीय स्कूल और बस्ती है. क्रेशर चालू होते ही वहां से निकलने वाली पथरीली धूल स्कूल और बस्ती तक पहुंची है.

मनमाफिक खनन से बनी यह खदानें जानलेवा भी साबित हो रहीं हैं. बारिश के सीजन में तो खतरा और भी बढ़ जाता है, क्योंकि जलभराव होने के बाद आसपास बसे गांव के लोग इनमें नहाना शुरू कर देते हैं, जिससे कई हादसे हो चुके है. पत्थर गिट्टी क्रेशर माफियाओं ने जिले के वन क्षेत्रों को भी नहीं छोड़ा खनिज विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आला अफसर बने मूक दर्शक

**खनन के बाद ऐसी नजर आ रही है जमीन-** जिले में बेरोक-टोक चल रहे अवैध उत्खनन से जमीन छलनी हो रही है. सबसे ज्यादा खनन क्रेशर की आड़ में यह सबकुछ खेल चल रहा है. पत्थर निकालने के लिए खनिज व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कुछ मापदंड तय किए हैं.

### इनका कहना है

हमने कलेक्टर साहब के आदेश पर गिट्टी क्रेशर संचालकों को पत्र लिखकर एनओसी परमिशन सहित तमाम दस्तावेज बुलाए हैं. कुछ गिट्टी क्रेशर मालिकों द्वारा दस्तावेजों की फाइल विभाग में जमा करवा दी है.

**सुमित गुप्ता, प्रभारी खनिज अधिकारी रायसेन**

### एलिवेटेड कॉरिडोर पर जालिया लगें

**सागर.** समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौरी सिंह यादव ने जिला एवं निगम प्रशासन से मांग की है कि तालाब के एलिवेटेड कॉरिडोर पर तत्काल प्रभाव से सुरक्षा जालियां लगाई जाएं. उन्होंने कहा कि पुरव्याऊ निवासी श्री राजपूत का निधन हो गया है. एलिवेटेड कॉरिडोर बनने के बाद तालाब में लगातार घटनाएं हो रही है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा. धीरे-धीरे कॉरिडोर आत्मत्या का स्पॉट बनता जा रहा है. उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने 15 दिवस में सुरक्षा जालियां लगाने का काम शुरू नहीं किया तो सपा आंदोलन करेगी.